हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026

06 राम-सीता की प्रथम भेंट से लेकर धनुष भंग तक की लीला ने किया भावविभोर



09 जिले भर में कई राशन की दुकानों में हेराफेरी तो कहीं पीडीएफ का चावल चोर...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

मोबाइल कोर्ट से भूमि विवाद का मौके पर निराकरण, दिलाया कब्जा



गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल 'मोबाइल कोर्ट' के माध्यम से जिले में भूमि संबंधी विवादों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को ग्राम कुशमौदा में शमा शर्मा पत्नी नवल किशोर शर्मा की शिकायत पर सर्वे क्रमांक 255 से संबंधित भूमि विवाद का निराकरण किया गया। शिकायत में आवेदिका ने भूमि पर अधिकार एवं कब्जे की समस्या को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार शालिनी भार्गव, मयंक तिवारी, थाना प्रभारी कैंट अनूप भार्गव, नायब तहसीलदार नरेंद्र यादव, आरती गौतम सहित राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण और आवश्यक सीमांकन की कार्रवाई की। इसके बाद आवेदिका को संबंधित भूमि पर कब्जा दिलाया गया, जिससे उन्हें राहत मिली।

बायपास पर हादसा, बुजुर्ग की मौत

गुना। शहर के बायपास मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें 58 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौके पर ही अकाल मृत्यु हो गई। प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर पैदल घर लौट रहे वृद्ध को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, वहीं कैंट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूल रूप से सिरसी क्षेत्र के ग्राम खर्राखेड़ा निवासी रामसिंह पिता नारायण लाल धाकड़ वर्तमान में नानाखेड़ी स्थित बृज विहार कॉलोनी में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। शनिवार सुबह वे हमेशा की तरह हनुमान टेकरी पर दर्शन-पूजन करने गए थे। दर्शन के उपरांत वे पैदल ही बायपास के रास्ते अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे चल रहे रामसिंह को एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तीव्र थी कि रामसिंह उछलकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। राह से गुजर रहे एक युवक की नजर गड्ढे में तड़प रहे वृद्ध पर पड़ी, जिसके बाद राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

लापता सुहाना और रागिनी की तलाश तेज करने की मांग



चाचौड़ा/गुना। जिले से 15 सितंबर से लापता वाल्मीकि समाज की दो बेटियों सुहाना एवं रागिनी की तलाश और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर समाज ने आवाज उठाई है। इस संबंध में राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), चाचौड़ा के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई। ज्ञापन में समाज ने दोनों बेटियों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीम गठित करने, जांच में तेजी लाने तथा अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवारों को सुरक्षा एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई गई है। वाल्मीकि समाज ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल की बैठक आयोजित कर जांच की प्रगति और आगे की कार्ययोजना की जानकारी देने का आग्रह किया है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कामबंद आंदोलन किया जाएगा।

सिरसी खुर्द में 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में आक्रोश

न्याय की मांग को लेकर किया हनुमान चौराहे पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसी खुर्द में एक 19 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से आहत परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर फोन पर बातचीत करने और शादी के लिए लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा शुरुआती दौर में समय पर कार्रवाई न किए जाने से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शनिवार को शहर के व्यस्ततम हनुमान चौराहे पर जोरदार चक्काजाम कर दिया। सड़क जाम होने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक व पुलिस अमले में हडक़ंप मच गया और तुरंत मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने समझाइश दी, जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद जाम खुल सका।

खेत से लौटने पर घर में फंदे पर लटकी मिली युवती

जानकारी के अनुसार, मृतका के परिजन मक्का निकालने के लिए अपने खेतों पर गए हुए थे और घर पर युवती अकेली थी। इसी दौरान उसने घर के भीतर साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शाम को जब परिजन वापस घर लौटे, तो बेटी को फंदे पर लटका देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक पिछले कुछ समय से उनकी बेटी को लगातार परेशान कर रहा था और उससे शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। हालात यहां तक बढ़ गए थे कि आरोपी युवक कई बार उनके घर में भी घुस आया था और युवती को धमकियां देता था। समाज में इज्जत और प्रतिष्ठा के डर से परिवार ने शुरुआत में पुलिस में आधिकारिक शिकायत नहीं की थी, लेकिन आरोपी की हरकतों से तंग आकर बेटी ने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

सुनवाई न होने पर भड़के परिजन, किया चक्काजाम

घटना के बाद शनिवार सुबह जिला अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके उपरांत न्याय की गुहार लगाने के लिए परिजन लगातार तीन बार बजरंगगढ़ थाने पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। पुलिस के रवैए से नाराज परिजनों ने शव को बीच सड़क पर रखकर न्याय की मांग को लेकर हनुमान चौराहे पर जोरदार चक्काजाम कर दिया। देखते ही देखते मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

अधिकारियों की समझाइश के बाद मानें

चक्काजाम की स्थिति को देखते हुए सीएसपी सैफा हाशमी और तहसीलदार मयंक तिवारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने शोकसंतप्त परिजनों और ग्रामीणों को शांत कराया और निष्पक्ष जांच तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में सीएसपी सैफा हाशमी ने बताया कि बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसी खुर्द में एक 19 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना हुई है। परिजनों की मांग थी कि प्रताड़ना के जिम्मेदार युवक पर तुरंत मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिजनों के विस्तृत कथन दर्ज किए जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। चक्काजाम समाप्त होने के बाद यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया है।

बांकखेड़ा में रंजिश का खूनी अंत

रास्ते के पुराने विवाद में युवक की बेरहमी से हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बांकखेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात रास्ते के पुराने विवाद ने खूनी रूप ले लिया। लंबे समय से चले आ रहे आपसी मनमुटाव के चलते एक पक्ष के दबंगों ने दूसरे पक्ष के युवक को घेरकर लाठी व धारदार लुहांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। वहीं पुलिस ने कुंभराज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हमलावरों ने घात लगाकर किया हमला

जानकारी के मुताबिक बांकखेड़ा गांव निवासी पवन लोधा (28) पिता शिवलाल लोधा का गांव के ही कुछ लोगों से रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। दोनों पक्षों में इसे लेकर पूर्व में भी कहासुनी हो चुकी थी। शुक्रवार रात जब पवन गांव के रास्ते से गुजर रहा था, तभी विरोधी पक्ष के लोगों ने उसे अकेला पाकर घेर लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों और लोहे की लुहांगी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए इस भीषण हमले में पवन संभल भी नहीं सका और अत्यधिक खून बह जाने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृगवास थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को कुंभराज शासकीय अस्पताल भिजवाया, जहां शनिवार सुबह डॉक्टरों के दल ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले की प्राथमिक जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने गांव के ही सागर सिंह (40) पिता कल्याण सिंह लोधा एवं कोमल सिंह (50) पिता बिहारी लाल लोधा सहित अन्य के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घटना के बाद से गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस मुस्तैद बनी हुई है।

ग्राम बेहटा में सुबह 6:45 बजे दी दबिश

आबकारी अमले ने अवैध मदिरा की जब्त, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी वृत्त गुना-1 की टीम ने ग्राम बेहटा में कार्रवाई करते हुए 65 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, ग्राम सिंगवासा में भी 100 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम बेहटा में एक मकान पर शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मकान के आंगन में रखी प्लास्टिक की दो बोरियों से 93 पन्नी पाउच में लगभग 65 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर मौजूद लक्ष्मीबाई पत्नी राजू केवट, उम्र 40 वर्ष, निवासी बेहटा से पूछताछ की गई। विभाग के अनुसार, महिला ने मदिरा बेचने की बात स्वीकार की। जब्त मदिरा से तेज गंध आने के कारण उचित परीक्षण के लिए नमूने लेकर एफएसएल, ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी महिला के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। विभाग के अनुसार, जब्त अवैध मदिरा की अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये है। इसके अतिरिक्त ग्राम सिंगवासा में कार्रवाई के दौरान 100 किलोग्राम लाहन भी जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा, कमल बरोदिया तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

भरण पोषण मामले में फरार वारंटी दबोचा

गुना। भरण-पोषण के प्रकरणों में फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु गुना पुलिस द्वारा ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड चलाया जा रहा है। जिसके तहत म्याना थाना पुलिस ने भरण-पोषण के प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वारंटी रामेश्वर साहू निवासी ग्राम डुंगासरा हाड़ा के विरुद्ध उसकी पत्नी द्वारा कुटुम्ब न्यायालय, गुना में भरण-पोषण हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में न्यायालय द्वारा पत्नी के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह राशि निर्धारित की गई थी। किंतु रामेश्वर साहू के द्वारा निर्धारित भरण-पोषण राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण लंबित राशि की वसूली हेतु कुटुम्ब न्यायालय, गुना से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 150/24 में उसके विरुद्ध वसूली/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

राघौगढ़ के बरखेड़ा डांग में खूनी संघर्ष

घायलों ने एसपी कार्यालय में लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बरखेड़ा डांग गांव में बीते दिनों हुए हिंसक संघर्ष के मामले में पीड़ित पक्ष का गुस्सा फूट पड़ा है। शनिवार को गंभीर रूप से घायल पक्ष के लोग सीधे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एक लिखित शिकायत सौंपते हुए राघौगढ़ पुलिस पर हल्की धाराएं लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने एसपी से मांग की है कि मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ तुरंत सख्त धाराएं जोड़ी जाएं और उनकी अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

शिकायतकर्ता भंवरलाल पुत्र पृथ्वीलाल और नरेश पुत्र भंवरलाल बंजारा ने पुलिस अधीक्षक को पूरी घटना से अवगत कराते हुए बताया कि गत 21 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे गांव के ही सुल्तान, पप्पू, प्रकाश, समंदर, शिवराज, नन्नू, सोनू, सरवन, विजय और जगदीश भील एक राय होकर उनके घर पर आ धमके। सभी आरोपियों के हाथों में लाठी, फरसा और तेगा जैसे घातक हथियार थे। आरोप है कि हमलावरों ने घर के बाहर बैठे सदस्यों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़ितों का आरोप है कि घटना की तुरंत बाद पुलिस को पूरी नामजद जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने अपनी मनमर्जी से सामान्य धाराओं में मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर दी।

माटी शिल्पियों को मिलेगी बाजार में जगह

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुम्हार समुदाय के पारंपरिक माटी शिल्पियों को मिट्टी की मूर्तियां, दीपक, खिलौने और सजावटी सामान बेचने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार, दीपावली सहित अन्य त्योहारों पर लगने वाले बाजारों एवं हाट में शिल्पियों के लिए विक्रय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, उनसे किसी भी प्रकार का कर नहीं वसूला जाएगा।

नानाखेड़ी मंडी में तीन दिवसीय अवकाश के बावजूद शेष ट्रॉलियों की हुई नीलामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में खरीफ की मुख्य फसल मक्का की आवक इन दिनों चरम पर है। अनाज मंडियों में फसल की भारी आवक और उम्मीद से बेहतर मिल रहे मंडी भावों ने क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है। इसी बीच, घोषित तीन दिवसीय छुट्टी के बावजूद शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में मक्का की नीलामी प्रक्रिया संचालित की गई, जिससे पिछले दिन बिक्री से वंचित रह गए किसानों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, आवक अत्यधिक होने के कारण गत दिवस गोपालपुरा मैदान में खड़े दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा मक्का नीलाम नहीं हो सका था। मंडी समिति ने व्यापारियों के साथ आपसी सहमति बनाकर शनिवार सुबह इन शेष रह गए वाहनों की डाक पूरी कराई। हालांकि, पूर्व घोषित अवकाश की सूचना के चलते शनिवार को मंडी परिसर में नए किसान अपनी फसल लेकर नहीं पहुंचे, जिससे परिसर में भीड़ नियंत्रित रही।

मंडी में वर्तमान में लाई जा रही अधिकांश मक्का में नमी बनी हुई है। इसके बावजूद व्यापारियों द्वारा नीलामी के दौरान बेहतर बोलियां लगाई जा रही हैं। गीली मक्का भी मंडी में 2200 से 2400 प्रति क्विंटल के बीच बिक रही है। वहीं, अच्छी गुणवत्ता वाली सूखी मक्का के भाव 2700 प्रति क्विंटल की ऊंचाई को छू चुके हैं। वाजिब दाम मिलने से मक्का उत्पादक किसान संतुष्ट नजर आ रहे हैं। मंडी प्रबंधन के अनुसार, शनिवार को शेष बची ट्रॉलियों के निपटारे के बाद अब आगामी दो दिनों तक मंडी में नियमित कामकाज बंद रहेगा। इसके बाद अब मंगलवार को पुनः बोली प्रक्रिया शुरू होगी।

स्वच्छता पर चिंता: त्योहारी सीजन में मिलावट के खिलाफ प्रशासन सख्त

डेयरी पर छापा, मावा-पनीर और मिक्स केक के नमूने जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आगामी त्योहारों के मद्देनजर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को शहर की प्रसिद्ध पाराशर डेयरी पर औचक छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम ने मावा, पनीर और मिक्स केक के संदिग्ध नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद खाद्य कारोबारियों में भी हलचल देखी गई। यह संयुक्त कार्रवाई डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे के नेतृत्व में की गई। मौके पर मौजूद तहसीलदार आरती गौतम ने बताया कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान टीम ने डेयरी परिसर में रखी खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया। प्रशासन के अनुसार, मिक्स केक और अन्य सामग्री फर्श पर रखी हुई मिली। मौके पर कुछ खाद्य पदार्थों से तेज दुर्गंध भी आ रही थी, जिससे उनकी गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई।

इसके बाद टीम ने संदिग्ध मावा, पनीर और मिक्स केक के नमूने एकत्र कर सील किए। इन्हें गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता की पुष्टि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

मिलावटखोरों पर होगी कार्रवाई

तहसीलदार आरती गौतम ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डेयरी संचालकों को खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, उचित भंडारण और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने खाद्य कारोबारियों को चेतावनी दी है कि वे त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध कराएं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जारी रहेगा अभियान

त्योहारी सीजन में मिठाइयों, दुग्ध उत्पादों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के साथ मिलावट की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

समाचार संक्षेप

रेलवे ओवरब्रिज की हालत खराब, जगह-जगह से उखड़ी सड़क, वाहन चालक परेशान



राघौगढ़। नगर की सांडा कॉलोनी से गेल विजयपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज की हालत बेहद खराब हो गई है। पुल की सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते यहां कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पुल पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि रेलवे अंडरपास से प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। सड़क पर गहरे गड्ढे होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। व्यस्त मार्ग पर किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका से लोग भयभीत हैं। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रेलवे ओवरब्रिज और आसपास के मार्ग का जल्द निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन और स्कूली विद्यार्थियों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

पुलिस ने चेक बाउंस और आर्म्स एक्ट मामले में फरार वारंटी दबोचे

गुना। जिले की कुम्भराज थाना पुलिस ने चेक बाउंस एवं आर्म्स एक्ट के अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार 2 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में आरोपी रामबाबू पुत्र सूरजमल ढीमर निवासी गीतानगर कॉलोनी कुम्भराज के विरुद्ध कुम्भराज थाने में अपराध क्रमांक 70/22, धारा 25बी आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था। उक्त मामले में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार अनुपस्थित रहने पर न्यायालय चांचौड़ा द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 169/22 में उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। इसी प्रकार अमर सिंह पुत्र मदन सिंह कुशवाह निवासी कुम्भराज जिला गुना के विरुद्ध न्यायालय चांचौड़ा में चेक बाउंस से संबंधित न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन है। गत दिवस दोनों वारंटियों के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

सेहराई पुलिस ने गांजा के 39 पौधे जब्त किए

अशोकनगर। थाना सेहराई पुलिस द्वारा ग्राम बमौरीटांका में अवैध रूप से की जा रही गांजा की खेती का पर्दाफाश करते हुए 2 मामलों में गांजा के 39 हरे पौधे जब्त कर दो आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि थाना सेहराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बमौरीटांका में कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने घर के बाड़े में अवैध रूप से गांजा की खेती की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेश दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद व्यक्ति जंगल की ओर भाग गए। पुलिस टीम द्वारा मुकेश पुत्र वीर सिंह यादव एवं लोकेपाल पुत्र भवानी सिंह यादव, दोनों निवासी ग्राम बमौरीटांका, थाना सेहराई के घर के बाडे से अवैध रूप से उगाए गए गांजे के 39 हरे पौधे, जिनका कुल वजन लगभग 11.25 किलोग्राम तथा अनुमानित कीमत लगभग 12,000 रुपये है, विधिवत जब्त किए गए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

रामलीला के तीसरे दिन हुआ सीता स्वयंवर का मंचन

राम-सीता की प्रथम भेंट से लेकर धनुष भंग तक की लीला ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



श्री हनुमानजी रामलीला में तीसरे दिन भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी का बाजार घूमते है, सायं संध्या वंदन हेतु पुष्पवाटिका में पुष्प चुनने जाते है जहाँ वे देखते हैं कि जनकदुलारी सीता अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन करने आती हैं। इसी बीच कनखियों से भगवान को देखती हैं। मन में नाना प्रकार के विचार आते हैं। भगवान वापस गुरु विश्वामित्र के पास आते हैं जहाँ राजा जनक के महल मे धनुष यज्ञ कर सीता स्वयंवर का पता लगता है। सभी सभा मे पहुंचते है जहाँ देश देश के राजागण धनुष तोड़ सीता से विवाह रचाने हेतु आते है उधर पार्वती सीता को उनकी मनोकामना पूरी होने का आशीर्वाद देती है राम के रूप लावन्य को देखकर मोहित होती है वही सभा मे भगवान आते है उन्हें बैठने हेतु विशेष व्यवस्था की जाती है। तभी रावण और बानासूर आते है दोनों गले मिलकर एक दूसरे की कुशलक्षेम जानते हैं। रावण अपने अहंकार वश बखान करते हुए धनुष तोड़ सीता से विवाह रचाने का कहता है। बानासूर समझाता है कि ये अपने गुरु का धनुष है अतः इसे प्रणाम कर वापस लोट जाने का कहते है वह नहीं मानता है और शिवधनुष को तोड़ने उठाने लगता है, लेकिन वह तिलभर हिलता तक नहीं है इतने मे ही अकासवाणी होती है कि रावण की बहन कुम्भी को कोई राक्षस ले जा रहा है तो वह विचलित होकर कुम्भकर्ण, विभीषण और मेघनाथ को भेजनें का कहता है परन्तु एक नींद मे दूसरा भक्ती मे और तीसरा यज्ञ मे व्यस्त है, तो वह भरी सभा मे यह कहकर जाता है एक बार सीता को लंका अवश्य लेजाऊंगा, जब किसी से भी धनुष भंग नहीं हुआ तो विश्वामित्र राम को इशारा करते है तभी जनक प्रलाप करते हुए पृथ्वी वीरो से खाली होने की बात कहते है जिस पर लक्ष्मण क्रोधवश जनक पर भड़कते हैं।

राम उन्हें शांत करते हैं और गुरु को मन ही मन प्रणाम करते हुए तिनके की तरह धनुष उठाकर तोड़ देते हैं। महल में खुशियाँ छा जाती है सभी का मन प्रफुल्लित होता है तभी सीता राम को वरमाला डालती सारी सभी हतप्रभ हो जाती है। यह समाचार अयोध्या में जाता है वहाँ भी रामविवाह की तैयारी शुरू होती है।

बीच सड़क पर लगा बिजली का खंभा बना परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ नगर के चक्की गली क्षेत्र में बीच सड़क पर लगा बिजली का खंभा स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। करीब 10 फीट चौड़ी इस गली में खंभा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, खंभे की जर्जर स्थिति के चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

स्थानीय वार्डवासियों के अनुसार, यह बिजली का खंभा करीब 20 से 30 वर्ष पुराना है और नीचे से सड़ चुका है। सड़क के बीचोंबीच खंभा होने के कारण बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल है, वहीं छोटे वाहनों को भी आवागमन में परेशानी होती है। रहवासियों का कहना है कि गली में खंभे की मौजूदगी के कारण आए दिन दुर्घटना का डर बना रहता है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

वार्डवासियों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर जर्जर खंभे की स्थिति की जांच की जाए और उसे सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और संभावित हादसे को टाला जा सके।

'मौत हमें गिरफ्तार करे, इसके पहले पापों की रफ्तार कम कर दो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमण सागर महाराज ने शनिवार को विद्यासागर सभागार, राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के 98वें दिन 'संसार की नींद से कैसे जागें' विषय पर मंगल प्रवचन दिए। मुनि श्री ने कहा, "कहावत है, जब जागो तभी सबेरा।" उन्होंने संसार से विरक्ति के चार कारण बताते हुए कहा कि कुछ लोग बचपन में ही वैराग्य धारण कर लेते हैं, कुछ युवा अवस्था में वैराग्य के प्रसंगों से प्रेरित होकर जागृत होते हैं, कुछ प्रौढ़ावस्था में विवेक से जागते हैं, जबकि कुछ लोग वृद्धावस्था में सांसारिक भोगों के बाद जागते हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "मौत हमें गिरफ्तार करे, इसके पहले पापों की रफ्तार कम कर दो।" उन्होंने कहा कि आज मनुष्य धन के पीछे भागते हुए जीवन का वास्तविक उद्देश्य भूल रहा है। श्मशान घाट में संसार की नश्वरता का एहसास होता है, लेकिन घर लौटते ही मनुष्य उन भावों को भुला देता है। उन्होंने धन के पीछे अंधी दौड़ को कुत्ते द्वारा हड्डी चबाने के उदाहरण से समझाया और कहा कि जीवन के अंतिम समय तक वैराग्य भाव नहीं जागा तो दुखों का सामना करना पड़ सकता है।

चाचौड़ा में होगा सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 2 नवंबर को चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर धाम से 20 अक्टूबर को शुरू हुई यह यात्रा अयोध्या धाम तक पहुंचेगी। यात्रा के माध्यम से धार्मिक आस्था, मंदिरों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार रुपये दान देने की बात कही है। साथ ही, मंदिर में चढ़ावे की राशि से जुड़े कथित चोरी के मामले में हिसाब सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। गांधीवादी विचारधारा और सामाजिक सद्भाव के पक्षधर दिग्विजय सिंह इस यात्रा के जरिए आपसी भाईचारे तथा नफरत और हिंसा से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं।



आयोजकों के अनुसार, यात्रा को विभिन्न क्षेत्रों में समर्थन मिल रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 1 नवंबर को यात्रा कालीपीठ से नयापुरा जोड़ पहुंचेगी। 2 नवंबर को नयापुरा जोड़ से चाचौड़ा होते हुए बीनागंज तक यात्रा निकलेगी, जहां विधानसभा क्षेत्र में इसका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा 3 नवंबर को बीनागंज से घाटाखेड़ी और आगे विभिन्न पड़ावों से होते हुए अयोध्या धाम की ओर बढ़ेगी।

जनविश्वास अभियान के तहत किया आईटीआई चाचौड़ा का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर गुना के निर्देशानुसार शुक्रवार को नोडल आईटीआई प्राचार्य, गुना द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) चाचौड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुना जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान संस्थान में प्रवेश की स्थिति, स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण व्यवस्था और प्लेसमेंट संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। नोडल प्राचार्य ने संस्थान में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर तकनीकी एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ ही प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर दिलाने के लिए विभिन्न उद्योगों से समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना तथा युवाओं के कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा।



अभा श्रमण संस्कृति महिला महासमिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महासमिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शपथ दिलाई गई और आगामी समय में की जाने वाली गतिविधियों की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदा सोनी, मध्यांचल की अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य ममता भारत, बीना से आई सुनीता सराफ द्वारा निर्मला घाट बमुरिया, संरक्षक रानी पिरोठ,डिम्पल जैन मंत्री, उपाध्यक्ष संगीता पारस,कोषाध्यक्ष अर्चना पांड्या,उप मंत्री डिंपल मुंशी एवं सभी सदस्यों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं काफी भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के सुझाव प्रदान किए गए।

जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में शनिवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशगण द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गई। निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसल से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली, आज रिहा होने वाले बंदियों से बात कर उन्हें प्राधिकरण की योजना से अवगत कराया गया, इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं।

मारपीट करने वाले आरोपियों को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

अशोकनगर। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर द्वारा मारपीट करने वाले आरोपी मोहित पुत्र यशपाल जाटव, हब्बूलाल पुत्र प्रभुलाल जाटव, दिनेश जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, पप्पू उर्फ यशपाल जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, निवासी-ग्राम धुर्रा को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास व 9000-9000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में शासन की ओर अभियोजन संचालन सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में एडीपीओ प्रीती भदौरिया द्वारा की गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय अशोकनगर द्वारा बताया गया कि 20.05.2023 को फरियादीगण एवं आरोपी हब्बू का खेत एक दूसरे से लगा हुआ है। उक्त दिनांक को बंटी खेत की मेड़ पर लगे बांस काट रहा था जिसके उपर से आरोपी हब्बू के परिवार एवं फरियादी के परिवार में कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश पर से उक्त 20 मई 2023 को रात लगभग 11.30 बजे फरियादी का परिवार घर के बाहर सो रहा था तभी आरोपी मोहित पुत्र यशपाल जाटव, हब्बूलाल पुत्र प्रभुलाल जाटव, दिनेश जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, पप्पू उर्फ यशपाल जाटव पुत्र हब्बूलाल जाटव, लाठी डण्डे लेकर आये और उसकी लाठी डण्डों से मारपीट कर दी जिससे बंटी को दोनों पैरों में घुटने के नीचे खून निकल आया था और सिर के पीछे चोट आई थी तथा दोनों हाथों के कंधों में चोट आई थी तथा दाहिने हाथ के पंजे में भी चोट आई थी। जब उसे बचाने जब उसकी पत्नी वंदना, बहू नंदनी एवं मां जानकीबाई व पिता चंद्रभान आये तब आरोपियों द्वारा उसके परिवार के लोगों की भी लाठी डण्डों से मारपीट कर दी। जिससे फरियादी के पिता चंद्रभान के सिर में चोट होकर खून निकलने लगा तथा शरीर में जगह-जगह चोटें आई थीं तथा वंदना, जानकीबाई एवं नंदनी के सिर में भी जगह-जगह चोटें आई थीं। न्यायालय में विचारण उपरांत आरोपियों को प्रकरण में दोषी पाते हुए निर्णय पारित किया गया।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताएं जारी हैं। यह आगामी एक सप्ताह तक चलेंगे। जिसमें छात्रों के क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया गया। जिसमें पहला मैच मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच में मध्य खेला गया जिसमे इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद दूसरा मैच इलेक्ट्रॉनिक्स और सिविल ब्रांच के बीच खेला गया जिसमे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की टीम ने जीत हासिल की। फाइनल मैच संस्था की इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के मध्य खेला गया जिसमे फाइनल मुकाबला इलेक्ट्रिकल ब्रांच की टीम ने जीता। उपरोक्त प्रतियोगिता के अतिरिक्त बालीबाल, टेबल टेनिस, 100,200, एवं 400 मीटर रिले रेस एवं रस्सा कस्सी का भी आयोजन संस्था के ग्राउंड में किया जाना है। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा।

इस के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता, व्याख्याता मोनेश जैन, मनीष वैद्य, सचिन शर्मा, सीताराम चैहान, अभिषेक सोनी आदि स्टाफ मेम्बेर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में संस्था के आशु गुरहा, अंकुर सोनी, हेमंत सुमन, प्रशांत रघुवंशी, आनंद कुमार उके, सतपालसिंह चैधरी, प्रवीण उरैया,संजय अहिरवार, सुनील जाटव, पुरषोत्तम ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार शराब परिवहन करते बाइक भी बरामद की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना कोतवाली अशोकनगर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 70 लीटर कच्ची शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित कुल 74,000 का मशरूका जप्त किया है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पड़रिया रोड अशोकनगर पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध कच्ची हाथ भट्टी की शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में सउनि अजय तिवारी द्वारा पुलिस बल एवं स्वतंत्र साक्षियों के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जगदीश लोधी पुत्र बाबूलाल लोधी, उम्र 40 वर्ष, निवासी टोरिया रोड अशोकनगर बताया। आरोपी की मोटरसाइकिल के पीछे रस्सी से बंधी दो नीले रंग की कैनों की तलाशी लेने पर उनमें कुल 70 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब पाई गई। शराब के परिवहन एवं कब्जे के संबंध में आरोपी से वैध लाइसेंस मांगा गया, जो उसके पास नहीं पाया गया। पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए शराब के नमूने पृथक-पृथक लेकर सीलबंद किए गए।

टीएवी हायर सेकंडरी स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे का आयोजन, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



टीएवी हायर सेकंडरी स्कूल, मुंगावली में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के छोटे-छोटे विद्यार्थियों के लिए मिनी स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक एवं रोमांचक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक खेलों ने बढ़ाया उत्साह मिनी स्पोर्ट्स डे में बैलून बैलेंस, टेबल बैलेंस, लेमन एंड स्पून रेस, सैक रेस, फ्रॉग जंप रेस, बॉल थ्रो, रिंग थ्रो, कप स्टैकिंग, टारगेट थ्रो और हर्डल रेस जैसी मनोरंजक खेलो की गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रत्येक खेल में विद्यार्थियों का उत्साह और भागीदारी देखने लायक रही।

स्कूल अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक सक्रियता, एकाग्रता, फुर्ती, आपसी तालमेल और खेल भावना विकसित करने का अवसर मिला। दौड़ने, कूदने, निशाना लगाने और विभिन्न चुनौतियों को पूरा करने के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ अपनी प्रतिभा दिखाए। अंत में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए स इस कार्यक्रम को कराने में स्कूल प्राचार्य टीना गुप्ता, सीईओ पुनीत जैन, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, पूनम कौर, महक सुमन आदि जैन,का विशेष सहयोग रहा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को फांसी के फंदे से उतारकर बचाया



अशोकनगर। जिले में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में डायल-112 पर तैनात पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए फांसी लगाने का प्रयास कर रहे एक युवक की जान बचाई। उल्लेखनीय है कि डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि अशोकनगर की दुर्गा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है तथा फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने युवक को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर बाद पुलिस टीम ने देखा कि युवक फांसी के फंदे पर लटक गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दूसरी मंजिल से दो व्यक्तियों को नीचे उतारकर खिड़की तोड़ने के माध्यम से कमरे के अंदर प्रवेश किया तथा दरवाजा खुलवाया। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल चाकू की सहायता से फांसी का फंदा काटकर युवक को नीचे उतारा और उसकी जान बचाई।

खबर संक्षेप

दो बाईक आपस में टकराई

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पारकना रोड़ पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। दोनों बाईक चालकों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं। इस घटना में बाईक चालक धीरज लोधी निवासी बम्मन खिरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एमसी 7657 से आ रहा था तभी सामने से आ रही बाईक के चालक शेर सिंह अहिरवार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शेर सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बाईक एमपी 67 जेडएफ 7560 से आ रहा था तभी धीरज लोधी ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत 4 अप्रेल को चार्ली राजा उम्र 32 साल की मौत हो गई थी पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मामले की जांच उप निरीक्षक देवीलाल कोली द्वारा की जा रही थी। जांच में पाया गया कि सरदार यादव व कृष्णा बाई यादव निवासी जमूसर ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति किया और बदनाम करने की धमकी दी, जिसके कारण उसने जहर का सेवन कर लिया था, पुलिस ने दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

कुए में डूबने से किशोरी की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शिवानी पुत्री दलवीर अहिरवार उम्र 16 साल निवासी ग्राम राजतला की जल्लू खान के कच्चे कुआ जो बमोरी ललोई के खेत में हैं उस कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौरा काछी निवासी करण कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद और छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धुर्रा निवासी विशाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर, विशाल और प्रभु अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी रतनलाल पुर भैयालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप, दर्शन, बाबूलाल, संजीव अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचलाना निवासी देशराज लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाल साहब लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुलवार निवासी योगेश सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसनपुर निवासी राजेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भीमा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

परीक्षा केंद्रों पर 47744 नव साक्षर ने दी परीक्षा

अशोकनगर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 24 अक्टूबर 2026 को साक्षरता परीक्षा का आयोजन जिले के 1255 परीक्षा केंद्रों पर किया गया जिसमें शासकीय, अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिससे की नव साक्षरों को अपने नजदीकी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में सुविधा हो सके। इस बार जिले में 53000 नव साक्षर का लक्ष्य था जिसके विरूद्ध 47744 नव साक्षर परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें अशोकनगर विकासखंड में 16500 नव साक्षर में से 15186 नव साक्षर शामिल हुए। इसी प्रकार चंदेरी में 7500 नव साक्षर में से 6190, ईसागढ़ में 14500में से 13200 और मुंगावली में 14500 में से 13161 नव साक्षर उपस्थित रहे । इस परीक्षा में भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता अधिक रही। प्रतिवर्ष में दो परीक्षा आयोजित की जाती है।

पलकाटोरी में एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन ने छापामार कार्रवाई की, चावल के 160 कटटे बरामद

जिले भर में कई राशन की दुकानों में हेराफेरी तो कहीं पीडीएफ का चावल चोर रास्ते से बेचने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम पलकाटोरी में जानकारी मिलने के बाद एसडीएम इसरार खान के नेतृत्व में प्रशासन के एक दल ने एक मकान में बनाए गए गोदाम पर छापामार कार्यवाही की। यहां से प्रशासन के दल ने चावल के 160 कटटे बरामद किए हैं, जिसकी जांच पड़ताल व कार्यवाही की जा रही है।

एसडीएम इसरार खान ने बताया कि शुक्रवार की रात 8.30 बजे यह कार्यवाही की गई,जिसमें उनके अलावा जिला खाद अधिकारी प्राची शर्मा तथा वेयरहाउस और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी शामिल थे। यह चावल पलकाटोरी जाने वाले मार्ग पर मंजू जाटव के मकान में किराए से गोदाम बनाकर मोंटी उर्फ चेतन जैन द्वारा रखा गया था। प्रशासन को जानकारी मिली थी कि यह पीडीएस का चावल है, अभी प्रशासन की टीम इस बात की जांच कर रही है कि यह चावल यहां कहां से आया। उधर दूसरी ओर बताया गया है कि मुखबिर से जानकारी मिलने के बाद जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तब गोदाम का ताला लगा हुआ था, मकान मालिक से नंबर लिया गया और मोंटी जैन को फोन लगाया गया जिसके बाद उनका मुनीम मौके पर पहुंचा और गोदाम खोलने की कार्यवाही की गई। अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह चावल यहां कैसे आया, जानकारी मिलने के बाद दुकान मालिक भी वहां पर पहुंच गया था, बताया गया है कि वह चावल खरीदने और बेचने का काम करता है, फिलहाल प्रशासन ने उक्त गोदाम को सील कर दिया है, सील करने से पहले माल की तौल कराई गई, जिसके बाद गडबड़ी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम का मामला दर्ज किया जाएगा।







कबीरा दुकान की जांच करने के बाद कार्रवाई की गई

राधे स्व सहायता समूह ग्राम कबीरा द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान कबीरा 4601085 के निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सतर्कता समिति गठन का बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाया जाना तथा दुकान संचालन में अनियमितता (स्टॉक में अंतर) किये जाने से म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 10(3), 18 एवं शा0उ0मू0 दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 2, 3, 4, 5, 6, 7, 13, 17 एवं 29 का उल्लंघन किया गया, जिसके फलस्वरूप स्टॉक अंतर की राशि 2500 एवं राशि 5000 प्रतिभुति राशि शासनहित में राजसात कराई जाकर शा0उ0मू0 दुकान कबीरा 4601085 को राधे स्व सहायता समूह ग्राम कबीरा से निलंबित किया जाकर अस्थाई रूप से अम्बेडकर स्व सहायता समूह ग्राम खैजरा खुर्द द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान खैजरा खुर्द 4601122 में संलग्न किया गया है।

गरीबों के राशन पर डाका डालने वाले दुकानदारों के यहां अनियमित्ताएं मिलने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

ग्रामीण क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर द्वारा दुर्गा स्व सहायता समूह ग्राम भौंरा काछी द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान भौंरा काछी 4601083 दुकान संचालन में अनियमितता (स्टॉक में अंतर) किये जाने से म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 13(2), 18 का उल्लंघन पाया गया। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत स्टॉक अंतर की राशि 12370 एवं राशि 5000 प्रतिभुति राशि शासनहित में राजसात कराई गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान श्री सत्य साई स्व सहायता समूह ग्राम रिजौदा द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान रिजौदा 4601126 बंद पाई गई। दुकान समय से नहीं खोला जाने पर म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 10 (3) का स्पष्ट उल्लंघन पाये जाने के फलस्वरूप राशि 2000 शासनहित में राजसात कराई गई। लक्ष्मी स्व सहायता समूह करियाखेडी द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान करियाखेडी 4601136 के निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सेंपल प्रदर्शित नहीं पाया जाना म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 1, 3, 4, 5, 17 एवं 29 का उल्लंघन करने पर 2500 राशि शासनहित में राजसात कराई गई।

भैंसरवास दुकान के निरीक्षण में अनियमित्ताए मिली थीं

शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास द्वारा संचालित शा0 उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 की लगातार सीएम हेल्पलाईन एवं लिखित शिकायतें प्राप्त होने से मौके पर जाकर दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान का नाम सूचक बोर्ड, स्टॉक भाव सूची एवं सतर्कता समिति गठन का बोर्ड प्रदर्शित नहीं पाये गये एवं न ही स्टॉक रजिस्टर तथा शिकायत सुझाव पंजी भी संधारित नहीं पाई गई तथा स्टॉक में अंतर पाया जो कि म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 11(1), 13(2), 18 एवं शा0उ0मू0 दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र की शर्त क्रमांक 3, 4, 5, 6, 10 एवं 29 का उल्लंघन किया जाना पाये जाने से शा0उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 को शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास से निलंबित किया जाकर अस्थाई रूप से सेवा सहकारी संस्था भैंसरवास द्वारा संचालित शा0उ0म0 दुकान पिपरिया 4601016 से संलग्न किया गया है एवं आगामी कार्यवाही हेतु सहायक आपूर्ति अधिकारी अनुभाग अशोकनगर को शक्ति पुंज महिला बहु0 भंडार भैंसरवास द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान भैंसरवास 4601015 की जांच का विस्तृत जांच प्रतिवेदन 07 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

दो दुकानों पर अनियमित्ताएं मिलने पर कार्रवाई की गई

अन्य 02 शा0उ0मू0 दुकानों क्रमशः शक्ति पुंज महिला बहु भंडार तूमैन द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान तूमैन 4601053 एवं सेवा सहकारी समिति तूमैन द्वारा संचालित शा0उ0मू0 दुकान जतोली 4601055 द्वारा दुकान संचालन में अनियमितताएँ किये जाने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया है। वहीं शहरी क्षेत्र में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी जिला अशोकनगर द्वारा वार्ड 3 में स्थित सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शा0उ0म0 दुकान कोड 4601008 पर दुकान संचालन में अनियमितताऐं किये जाने पर राशि 5000 का जुर्माना लगाया गया है।

'योग्य पात्र के लिए योग्य समय में दिया हुआ थोड़ा सा दान भी अधिक फल देता है'



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यों ने दान के विषय में कहा है कि जिस प्रकार उत्तम भूमि में उचित समय में डाला हुआ छोटा-सा वट का बीज संसारी जीवों को बहुत भारी छाया के साथ बहुत से इष्ट फल को फलता है। उसी प्रकार उचित समय में सत्पात्र के लिये दिया हुआ थोड़ा भी दान संसारी प्राणियों के लिये उच्च गोत्र, सुन्दर रूप, सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति, भोगोपभोग की सामग्री एवं कीर्ति की प्राप्ति आदि अनेक प्रकार के फल को प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि कई लोगों की यह धारणा है कि अधिक परिमाण में दिया हुआ दान ही सफल होता है, तो यह आवश्यक नहीं है। किन्तु योग्य पात्र के लिये योग्य समय में दिया हुआ थोड़ा-सा दान भी अधिक फल देता है। आचार्यों ने कहा है अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानं। अनुग्रह अर्थात् अपने और दूसरे के उपकार के लिये अपनी वस्तु का त्याग करना दान कहलाता है। दान करने से पर के ऊपर उपकार कर रहे हैं, ऐसा नहीं सोचना चाहिये क्योंकि दान केवल पर के लिये ही नहीं होता, उससे स्व का भी अनुग्रह होता है, बल्कि यूँ कहना चाहिये कि दान के समय निश्चय से स्व के ऊपर ही अनुग्रह होता है। यदि हम स्वाध्याय कर रहे हैं, तो दूसरे के लिये नहीं सुना रहे हैं बल्कि स्वयं के लिये अनुग्रह हो रहा है। धर्मोपदेश भी स्वाध्याय का एक अंग है, आपको निमित्त बनाकर हम अपने को उसमें ढाल रहे हैं इससे आपका उपकार हो जाता है तो हो जाये लेकिन स्वयं के ऊपर भी उपकार है। इस प्रकार स्व और पर दोनों के लिये उपकार करना अनुग्रह है तो इसमें पुण्य संचय होता है स्व का उपकार है। दान के द्वारा केवल बन्ध ही होता है, एकान्त से ऐसा कहना गलत है, किन्तु उसके द्वारा असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा भी होती है अन्यथा श्रावक की ऐसी कौन सी क्रिया है जिसके द्वारा वह अपने कर्मों की निर्जरा कर सके। रविवार शान्तिनगर मंदिर में आचार्य देव की विशाल महापूजन एवं महाआरती का विशेष कार्यक्रम सभी मंदिरों में संचालित पाठशालाओं के माध्यम से किया जावेगा जिसमें प्रभावना वितरण समस्त पुण्यार्जक परिवार द्वारा किया जाएगा।





कलेक्टर ने किया उर्वरक वितरण केंद्रों का निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर, सेवा सहकारी समिति अशोकनगर एवं निजी उर्वरक विक्रेता आनन्द खाद बीज भण्डार का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली से उर्वरक वितरण की व्यवस्था का अवलोकन किया गया एवं कृषकों से मौके पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि रबी सीजन हेतु कृषकों को रासायनिक उर्वरकों का वितरण पर्याप्त एवं सुविधाजनक तरीके से किया जाये। कृषकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस हेतु आवश्यक सहायता की जाये। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि अमित सिंह, तहसीलदार अशोकनगर संतोष सिंह धाकड़ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहे।

जन अभियान परिषद युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करता है: नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शनिवार को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत अशोकनगर के सभा कक्ष में प्रस्फुटन समितियों का विकासखंड स्तरीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम "प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, जनपद पंचायत सीईओ शैलेन्द्र यादव, जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं विकासखंड समन्वयक मनोज यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय, कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। जन अभियान परिषद ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करता है तथा सामाजिक सहभागिता के माध्यम से जनकल्याण और समाज विकास के कार्यों को गति प्रदान करता है।



चार सत्रों में दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सुनील सेन ने परिषद द्वारा संचालित मोबाइल एप एवं एमआईएस की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में सतपाल जाट ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में बलवीर सिंह यादव ने बाल संस्कार एवं स्वदेशी जागरण विषय पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में भूपेंद्र रघुवंशी ने प्रस्फुटन समितियों को स्वयंसेवी संगठनों के रूप में विकसित एवं सशक्त बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अक्षर पीठ संस्था के कुमार संभव ने किया। प्रशिक्षण में विकासखंड अशोकनगर की 28 सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में सजेगा क्रिकेट का महा संग्राम

मुंगावली। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की पुण्य स्मृति में नगर में मुंगावली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। टूर्नामेंट के लिए 25 अक्टूबर को शहर के स्थानीय गार्डन आरके प्लेस में खिलाड़ियों की ऑक्शन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी जिसमें खिलाड़ियों का चयन नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता में छह जिलों सागर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ललितपुर और विदिशा के खिलाड़ी शामिल होंगे। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। आईपीएल की तर्ज पर होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी प्रतियोगिता को और भी रोमांचक बनाएगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 नवंबर से किया जाएगा। मुंगावली प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों और टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2 लाख रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 1 लाख रुपये नकद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज बनने वाले खिलाड़ी को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की जाएगी। वहीं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को आयोजन समिति की ओर से रेंजर साइकिल पुरस्कार

विजेता टीम को मिलेंगे 2 लाख रुपए और ट्रॉफी

नीलामी कार्यक्रम में शामिल होंगे जनप्रतिनिधि व अतिथि

25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले खिलाड़ी ऑक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव सहित आशीष पालीवाल, नरेश ग्वाल, अफरोज ठेकेदार, मुंगावली थाना प्रभारी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की स्मृति में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता नगर के खेल जगत को नई पहचान देने के साथ ही आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी अब सभी की निगाहें 25 अक्टूबर को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी और 4 नवंबर से शुरू होने वाले क्रिकेट के रोमांचक मुकाबलों पर टिकी हैं।

शहर के गांधी चौक पर लड्डूओं की दुकानें सजीं

शरद पूर्णिमा का पर्व आज मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में शरद पूर्णिमा का पर्व विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा, इस मौके पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

कहा जाता है कि जब चन्द्रमा रात को अपनी 16 कलाओं के साथ चमकता है तो उसकी किरणों से अमृत की वर्षा होती है, ऐसा कहा जाता है, इस रात छत पर या खुले आसमान के नीचे खीर बनाकर रखी जाती है, जिसे सुबह भगवान का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण भी किया जाता है। कहते हैं कि इस रात को भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था। शरद पूर्णिमा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है इस कारण शहर के गांधी चैक पर मावे से बने लडडुओं का विक्रय हो रहा है, इस बार शक्कर के दामों में तेजी होने के कारण लडडुओं के दामों में भी तेजी है, हर वर्ष इन लडडुओं के भाव 200 रूपए किलो तक रहते आए थे इस बार यह दाम बढ़कर 300 रूपए प्रति किलो पर पहुंच गए हैं। इसके बाद भी लडडूओं की खरीदी हो रही है, लेकिन यह लडडू कितने शुद्ध हैं इसकी जांच करने वाला कोई नहीं है।



करीला धाम में होगा आयोजन

शरद पूर्णिमा के मौके पर बाल्मीक समाज द्वारा महर्षि बाल्मीक का प्रकटोत्सव 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा। बाल्मीक समाज द्वारा करीला धाम में यह आयोजन किया गया है, जिसमें मांग की जाएगी की करीला धाम को बाल्मीक धाम घोषित किया जाए।

सराफा बाजार हनुमान मंदिर में रविवार को मनाया जाएगा शरद पुर्णिमा महोत्सव शरद पूर्णिमा के मौके पर रविवार 25 अक्टूबर को को स्थानीय सराफा बाजार हनुमान मंदिर में पूर्णिमा महोत्सव सायंकाल 6.30 बजे मनाया जाएगा, इस मौके पर आरती का आयोजन होगा, अरूण शर्मा एडवोकेट ने बताया कि शाम 7 बजे खीर वितरण का आयोजन किया जाएगा, और शाम 7 बजे से ही वृंदावन के कलाकारों द्वारा महारास एवं भजनों का आयोजन होगा।

26 अक्टूबर को होगा 11111 कन्याओं का पूजन

इस वर्ष भी आदिशक्ति हनुमान मंदिर मानस भवन गौशाला पर शरद पूर्णिमा 26 अक्टूबर के मौके पर 11111 कन्याओं के पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बलवीर साहू ने बताया कि 3 से 7 वर्ष की कन्याओं का पूजन प्रातः 8.30 से 11 बजे, 8 से 15 वर्ष की कन्याओं का पूजन दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक और 16 से 21 वर्ष कन्याओं का पूजन 2 से 6 बजे तक किया जाएगा। यह सातवा आयोजन है इस दौरान कन्याओं को कटोरी, चम्मच के साथ ड्राइग्र बोक्स, रबर, कटर, पेंसिल स्केल के साथ 11 रूपए प्रदान किए जाएगें।

वेल्यू चेन योजना के तहत किसानों को निशुल्क वितरण करना था सोयाबीन

सरकार ने किसानों के लिए भेजा सोयाबीन कृषि अफसरों ने 6000 रुपए क्विंटल बेचा

मामला खरीफ फसल में कृषि विभाग में मिली 2098 वैरायठी सोयाबीन का, नकली बीज से किसानों को लाखों का नुकसान

संतोष गोस्वामी/सत्यनारायण यादव ⏭ ब्यावरा

सरकार द्वारा प्रदेष के किसानों को बढ़ावा देने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के उदेष्य से करोड़ों रूपयों का खर्च कृषि विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन गंभीर विषय यह है कि कृषि विभाग के अफसर ही किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। जिन किसानों द्वारा विभाग के ऊपर आंख बंद कर विष्वास किया जाता है, वहीं विभाग के अधिकारी किसानों को नकली बीज बेचने में लगे है। मामला ब्यावरा विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों का सामने आया है, जहा पर सरकार द्वारा वेल्यू चेन योजना के तहत खरीफ फसल 2026-27 के समय किसानों के लिए भेजी गई 2098 वैरायठी को बदलकर उसकी जगह नकली बीज लाकर बैच दिया गया है। किसानों ने इस मामले को उच्च लेवल पर जांच की मांग प्रषासन के सामने रखी है।

निःषुल्क मिलने वाली सोयाबीन के वसूले 6000 रूपये प्रति क्विंटल

नेषनल सीड कारपोरेषन द्वारा विभाग को उपलब्ध करवाई गई सोयाबीन में बहुत ही बढ़ा घोटाला हुआ है, या फिर यह योजना विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किसानों को मिलने वाली 2098 वैरायठी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। जहा किसानों को निःषुल्क मिलने वाली सोयाबीन के नकली बीज पैकिंग करवाकर 6000 रूपये प्रति क्विंटल ब्यावरा विकासखण्ड के एसएडीओ दीपक वर्मा की मिली भगत से विभाग में पदस्त कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बैचने की जानकारी दी गई है। जिसका लाखों रूपयों में मुनाफा कमाया गया है।



इनका कहना है...

सोयाबीन बैरायठी के मामले में किसानों की शिकायत हमारे पास में जरूर आई थी, जिसको हमने भोपाल भेज दिया, एनएसपी की टीम द्वारा आकर किसानों के खेतों में निरीक्षण भी किया गया था, किसानों द्वारा कोई पैसे नहीं लिए गए है, अगर किसी ने लिए है, तो किसान को हमारे पास मे दो हम जांच करवा लेंगे।सूची छूट्टी होने के कारण हम उपलब्ध नहीं करवा सकते।

-दीपक वर्मा, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ब्यावरा।

ढाई बीघा जमीन से निकली मात्र 75 किलो सोयाबीन

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार मामले में जब हरिभूमि रिपोंटर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर पड़ताल की गई तो एक चाचाखेड़ी के किसान लक्ष्मीनारायण ने बताया कि विभाग द्वारा नकली बीज देने के कारण हमे ढाई बीघा जमीन से 75 किलो सोयाबीन निकली है। ऐसे में हमे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जून माह में बोई गई सोयाबीन को 23 अक्टूंबर को कटाई कर निकाली गई है। ग्राम सेवक ली गई एक क्विंटल सोयाबीन के बदले 6000 रूपये लिए गए थे। वहीं चाटा के एक किसान षिवनारायण ने बताया कि मेरे द्वारा भी 1 क्विंटल सोयाबीन ली गई थी, जिसका ग्राम सेवक दीपक वर्मा द्वारा 6200 रूपये लिए गए है। मुझे बताया गया था कि आपके सब्सीडी डल जाएगी, जो आज दिनांक नहीं आई है, और बीज भी खराब मिला है। जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से सोयाबीन देने वाले किसानों की सूची मांगी गई तो वह आना-कानी करने में लग गए।

शरद पूर्णिमा पर होंगे अनुष्ठान

कड़छा गुरुधाम में होगा समाधि महोत्सव, टेटवाल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

उज्जैन जिले के ग्राम कड़छा स्थित तपोस्थली गुरुधाम में श्रीश्री 1008 गुरु टेकचंदजी महाराज का 215वां समाधि महोत्सव रविवार और सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की अखिल भारतीय श्री टेकचंदजी महाराज ट्रस्ट कड़छा के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल भी शामिल होंगे। दो दिवसीय आयोजन के दौरान मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा, अभिषेक, छप्पन भोग और गुरु महाराज की महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। सोमवार को दोपहर 3 बजे समाधि स्थल से पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो कड़छा नगर का भ्रमण करेगी। रात्रि 8 बजे ट्रस्ट की साधारण सभा में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि 12 बजे गुरु महाराज की महाआरती होगी। महोत्सव के अंतर्गत ट्रस्ट संरक्षक दिलीप परमार, देवास वालों की ओर से दोपहर 12 बजे से रात्रि 12 बजे तक महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। मंगलवार 27 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से विशाल महाप्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन में टेकचंद महिला मंडल यादव नंद नगर, इंदौर तथा छप्पन भोग समिति कड़छा सहित विभिन्न समितियां सहयोग करेंगी। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं, माताओं और बहनों से आरती की थाली सजाकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। ट्रस्ट संरक्षक दिलीप परमार, अध्यक्ष अमित चैहान, सचिव नरेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष सुनील गोयल सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में भाग लेकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया। वही सारंगपुर के समीप सुल्तानिया गांव में भी शरद पूर्णिमा पर गुरु टेकचंद महाराज को लगेगा 56 भोग, महाआरती में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़।



शिक्षक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटा, पुलिस ने 3 पर दर्ज किया केस

स्कूल से लौटते में रेलवे स्टेशन जोड़ के पास वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शासकीय कन्या शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक सुभाष शर्मा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिक्षक की शिकायत के अनुसार शुक्रवार को स्कूल से घर लौटते समय रेलवे स्टेशन जोड़ के पास कार सवार तीन लोगों ने उनका रास्ता रोककर प्लास्टिक के डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास और हाथ-पैरों में चोटें आईं। आरोपियों ने जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने देर रात मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुभाष शर्मा मोती मोहल्ला, सारंगपुर में रहते हैं और शिवधाम कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या शाला स्कूल में अध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। घटना वाले दिन शाम करीब 4रू30 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वे अपने साथी शिक्षक संजय नागर की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर सारंगपुर की ओर आ रहे थे। रेलवे स्टेशन जोड़ के पास सड़क किनारे एक कार में बैठे तीन लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवाई। इसके बाद तीनों ने शिक्षक को रोककर प्लास्टिक के डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक, इसी दौरान एक आरोपी ने गुलेल से पत्थर भी मारा। हमले में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास तथा हाथ-पैरों में चोटें आईं। शिकायत में बताया गया कि घटना के दौरान साथी शिक्षक संजय नागर, शिक्षक छगनलाल मालवीय, गोविंद नागर और अन्य लोगों के पहुंचने पर तीनों आरोपी कार में बैठकर भागने लगे। जाते समय उन्होंने शिक्षक को जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक ने बताया कि वे आरोपियों को नहीं जानते और उनकी कार का नंबर भी नहीं देख पाए।

देर रात दर्ज किया मामला

घटना के बाद शिक्षक ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद देर रात मामला दर्ज कर जांच में लिया। वही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि शिकायत में बताए गए घटनाक्रम के आधार पर आरोपियों की पहचान और हमले के कारणों की जांच जारी हैं।

पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में ये हाल- न तेल है, न मसाला, न पोषण

मासूम की थाली में छलावा, पोषण के नाम पर पानी वाली सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

शासन की मंशा है कि कोई बच्चा भूखा न रहे और कुपोषण खत्म हो, लेकिन सुठालिया के पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में इस मंशा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

तस्वीर बयां कर रही हैं दर्द

हाथ में आई ताजा तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि बच्चों की थाली में सब्जी के नाम पर सिर्फ पीला पानी है। न तेल है, न मसाला, न पोषण। सूखी रोटी के साथ ऐसी सब्जी परोसी जा रही है जिसे बड़ा आदमी भी न खा सके, तो ये मासूम कैसे खाएं मेन्यू में पौष्टिक भोजन लिखा है, लेकिन थाली में पहुंच रहा है सिर्फ समझौता।

हर बार रफा-दफा, इस बार नहीं चलेगा बहाना

यह पहली बार नहीं है। पिछली बार जब इसी स्कूल की तस्वीरें वायरल हुई थीं, तो जिम्मेदारों ने कह दिया था - यह पुराना फोटो है और मामले को दबा दिया गया। लेकिन आज की तस्वीरें लाइव हैं, ताजा हैं, जो पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ी कर रही हैं।



प्राचार्य की भूमिका पर सबसे बड़ा सवाल

इतनी बार हकीकत सामने आने के बाद भी स्कूल प्राचार्य ने आज तक समूह संचालक के खिलाफ एक भी लिखित कार्रवाई क्यों नहीं की? न नोटिस, न पंचनामा, न शिकायत। क्या वजह है कि प्राचार्य हर बार चुप्पी साध लेते हैं? कहीं इस चुप्पी के पीछे कोई मिलीभगत तो नहीं? यह सवाल अब हर अभिभावक के मन में है और प्राचार्य भी अब सवालों के घेरे में हैं।

किसके संरक्षण में चल रहा है समूह संचालक?

क्षेत्र में चर्चा है कि मध्यान्ह भोजन समूह संचालक पर किसी रसूखदार नेता का हाथ है, इसी कारण अधिकारी भी उस पर हाथ डालने से बचते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

इनका कहना है

आप मुझे स्कूल का नाम बताइए, मैं तत्काल नोटिस जारी करवाता हूं। बच्चों के भोजन से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-जी.के. दुबे, बीआरसी ब्यावरा

गायत्री मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान के बाद कन्या भोज आयोजित

गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के आवास कॉलोनी स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की गई। नौ दिनों तक मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने धार्मिक गतिविधियों में भाग लेकर माता की आराधना की।

नवमी के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया।विजयादशमी पर रावण दहन उपरांत राम सवारी का परम्परा अनुसार गायत्री मंदिर ट्रस्ट संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा सहित उपस्थित ट्रस्टीयों ने स्वागत किया तथा आरती उतारी।इसी क्रम में शुक्रवार को गायत्री परिवार महिला मंडल के तत्वाधान में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के ट्रस्टी सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, राधाबल्लभ गुप्ता प्रोफेसर, बलराम टांक, दिनेश जमींदार एवं राजेश राठौर एवं महिला मंडल की महिलाएं जिन्होंने कन्या भोज का आयोजन किया उनमें प्रमुख रूप से श्री मती ज्योत्सना दांगी, चंदन राठौड़, देवबाला खुजनेरी, मंजू गुप्ता, संगीता भावसार, सुमित्रा गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, सरजुबाई भानपुरा, बिन्दु सोनगिरा सहित समस्त महिलाओं ने सहभागिता की। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

उपचार के दौरान विवाहिता की मौत, ससुर ने दामाद पर लगाया जहर देने का आरोप

तीन साल पहले हुई थी शादी, डेढ़ साल की बेटी की मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में एक विवाहिता की मौत से जुड़ा मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, ग्राम वदेशी निवासी सोना पति जगदीश (24 वर्ष) की शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मृतका के पिता ने अपने दामाद पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पति जगदीश ने बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले देवास में हुई थी। दोनों की डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। शादी के बाद से ही सोना की तबीयत खराब रहने लगी थी। उसने पत्नी का सारंगपुर, शाजापुर और उज्जैन सहित कई जगहों पर उपचार कराया। चिकित्सकों ने सोना को टीबी की बीमारी होना बताया था, जिसका इलाज भी चल रहा था। जगदीश के अनुसार, शनिवार को शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान सोना की मौत हो गई। उसने फोन पर देवास में रहने वाले अपने ससुर को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि इस पर ससुर ने कहा कि उसने बेटी को जहर देकर मार दिया है और वह उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करेंगे। इसके बाद जगदीश अपने परिजनों के साथ सोना का शव लेकर ग्राम वदेशी पहुंचा और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा। हालांकि, परिजनों की सलाह और समझाइश के बाद शव को एंबुलेंस से सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया।

यहां डॉ. रवि चंद्रावत ने शव का परीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव पति और परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

पहले कहा निलंबित करेंगे फिर प्रभारी और जनशिक्षक को नोटिस देकर की खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़



संकुल धामनोद के अंतर्गत आने वाली सेमरा टप्पा माध्यमिक शाला में बच्ची के घायल होने का मामला तूल पकड़ने के बाद आखिरकार शिक्षा विभाग हरकत में आया है। विभाग ने शाला प्रभारी मंजू सोनी और संबंधित जनशिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। दरअसल स्कूल के जर्जर बाथरूम की दीवार गिरने से एक छात्रा के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन में अनियमितता और स्कूल भवन की बदहाल स्थिति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। यह मामला मीडिया में प्रमुखता से उठने के बाद अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर प्रतिवेदन तैयार किया।

जांच रिपोर्ट के आधार पर ही यह कार्रवाई की गई है। लेकिन कार्रवाई को लेकर विभाग में ही असमंजस की स्थिति दिख रही है। एक ओर जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि उन्होंने डीपीसी को पत्र लिखा है, वहीं दूसरी ओर डीपीसी आरपी लखेर ने ऐसा कोई पत्र मिलने से ही इनकार कर दिया। अधिकारियों के बयानों में इस विरोधाभास से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। नोटिस के बाद व्यवस्था में सुधार होगा या नहीं।

उच्च शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

विदिशा। उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने गर्ल्स कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और छात्राओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। वाणिज्य संकाय की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यावसायिक मॉडल, गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा तैयार पौष्टिक व्यंजन तथा लाइब्रेरी में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का उद्देश्य असाक्षर लोगों को साक्षर बनाना

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 8570 लोगों ने दी परीक्षा साक्षरता अभियान में जनभागीदारी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सारंगपुर विकासखंड में 8570 महिला-पुरुषों ने परीक्षा में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य असाक्षर लोगों को साक्षर बनाकर समाज से निरक्षरता का कलंक मिटाना है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेश तथा जिला पंचायत राजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गड़पाले के मार्गदर्शन एवं जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी केएन गुप्ता के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटेली हाउस, पचोर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जनसहयोग से संचालित होने वाला अभियान है। इसमें कोई भी शिक्षित व्यक्ति अक्षर साथी बनकर योगदान दे सकता है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी अक्षर साथी बनकर चार-चार असाक्षर व्यक्तियों का सर्वे कर उन्हें पढ़ाने में सहयोग कर सकते हैं।वही बीआरसी बीएल वर्मा ने कहा कि सभी को मिलकर असाक्षर व्यक्तियों को शिक्षित करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि देश और प्रदेश से निरक्षरता का कलंक मिटाया जा सके।विकासखंड सह-समन्वयक साक्षरता नरसिंह शर्मा ने प्राथमिक विद्यालय दशहरा मैदान, सारंगपुर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा समाप्त होने के बाद तत्काल ऑनलाइन प्रविष्टि की जाए और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास किए जाएं। इस दौरान विकासखंड के विभिन्न संकुलों के प्राचार्यों, जनशिक्षकों और संकुल सह-समन्वयकों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इनमें रोडमल भिलाला, घासीराम मालवीय, गोपाल सिंह सेवनिया, जगदीश नागर, सत्यनारायण शर्मा, कालूराम मालवीय, गोपाल प्रसाद राठौर, महेंद्र सिंह सोनगरा, मांगीलाल विश्वकर्मा, लक्ष्मीचंद नागर, जनशिक्षक रमेश तंबोली और गोविंद मालवीय सहित अन्य लोग शामिल रहे।